<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राजभवन में स्वच्छ भारत अभियान
राज्यपाल जैविक कूड़ा प्रबन्धन का शुभारम्भ करेंगे

लखनऊः 01 अक्टूबर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती 02 अक्टूबर, 2014 को 'स्वच्छ भारत सप्ताह' अभियान के अन्तर्गत राजभवन परिसर के प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा राजभवन में आवासित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवारों को शपथ दिलायेंगे। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण जागरूकता से जोड़ते हुए राजभवन कार्यालय एवं आवासीय परिसर से कार्बनिक एवं अकार्बनिक उपशिष्टों को अलग करके जैविक खाद उत्पादन का शुभारम्भ किया जायेगा। राजभवन में जैविक कचरे के प्रबन्धन से जो उर्वरक बनाई जायेगी वह राजभवन व अन्य राजकीय उद्यानों में प्रयोग में लाई जायेगी। राजभवन में यह कार्य शहरी कचरा प्रबन्धन करने वाली संस्था 'मुस्कान ज्योति' करेगी।

ज्ञातव्य है कि भारत सरकार के शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप 'स्वच्छ भारत अभियान' का शुभारम्भ किया गया है तथा इस संबंध में राज्य सरकार ने भी निर्देश जारी किये हैं।

अंजुम/रा0/राजभवन